जयपुर में इंटरनेशनल राजस्थानी कॉनक्लेव का आयोजन किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन

चर्चा में क्यों?

9 मार्च, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 23-24 सितंबर, 2023 को जयपुर में इंटरनेशनल राजस्थानी कॉन्क्लेव का आयोजन किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। उद्योग विभाग एवं राजस्थान फाउंडेशन के तत्त्वाधान में होने वाले इस बृहद् आयोजन के लिये मुख्यमंत्री ने 5 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान के प्रस्ताव को भी मंज़ूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों को एकसूत्र में बांधने के उद्देश्य से वर्ष 2023-24 के बजट में इंटरनेशनल राजस्थानी कॉनक्लेव के आयोजन की घोषणा की थी।
- सितंबर में आयोजित होने वाले इस दोदिवसीय कॉनक्लेव में राजस्थानी गौरव, साहित्य, व्यापार, परंपरा, संगीत, कला, संस्कृति, सामाजिक कल्याण, उद्यम, खान-पान एवं मनोरंजन आदि विषियों पर दिलचस्प सत्रों का आयोजन होगा।
- इसमें उद्यमशीलता एवं निवेश के अवसरों पर एक विशेष सत्र शामिल होगा। इसमें विश्व भर से प्रवासी उद्यमी भाग लेंगे। एनआरआर नीति में घोषित प्रवासी सम्मान पुरस्कार का शुभारंभ भी इसी कॉनक्लेव में किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 में राजस्थानी डायस्पोरा का महत्त्व समझते हुए मुख्यमंत्री गहलोत के नेतृत्व में पहली बार इंटरनेशनल राजस्थानी कॉनक्लेव का आयोजन हुआ था। केवल अपने डायस्पोरा के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करना उस समय केंद्र सरकार या किसी भी राज्य सरकार के लिये एक अनूठी पहल थी। इसी तर्ज़ पर वर्ष 2003 में भारत सरकार द्वारा प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन किया गया था। अन्य राज्यों ने भी इस मॉडल को अपनाया है।
- पिछले तीन वर्षों में प्रवासी राजस्थानियों के साथ संबंध मज़बूत करने में राजस्थान फाउंडेशन की भूमिका काफी महत्त्वपूर्ण रही है। फाउंडेशन नियमित रूप से प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि से जोड़ने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाता रहा है। कोविड महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भी राजस्थान फाउंडेशन ने प्रवासियों की सहायतार्थ बड़ी भूमिका निभाई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/approval-of-proposal-to-organize-international-rajasthani-conclave-in-jaipur